AMAR UJALA, Delhi, 28.8.2023
Page No. 8, Size:(10.66)cms X (8.22)cms.

स्कोप ने आयोजित की कार्यशाला

नई दिल्ली। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सहयोग से सार्वजनिक उद्यमों के स्थायी सम्मेलन (स्कोप) ने पीएसई के ट्रेजरी और वित्तीय जोखिम प्रबंधन पर एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया। स्कोप के महानिदेशक अतुल सोबती, गेल के निदेशक (वित्त), सीए राकेश कुमार जैन, आईसीएआई अनुसंधान समिति के अध्यक्ष अनुज गोयल व अन्य अधिकारी कार्यशाला में शामिल थे। प्रतिभागियों को राजकोष प्रबंधन रणनीतियों और प्रभावी वित्तीय जोखिम शमन तकनीकों के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में देश भर के विभिन्न सीपीएसई के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।